卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिंधोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त • हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 344 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦22 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## रिसॉर्ट में अवैध कैसिनो पर छापा, 36 लोग हिरासत में

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। लक्ष्मणझूला क्षेत्र के नीरज फॉरेस्ट रिजॉर्ट में बने अवैध कैसिनो पर पुलिस ने देर रात्रि दबिश देकर मौके पर जुआ खेलते 27 लोग और जुआ का संचालन करने वाले चार लोगों हिरासत में ले लिया। मौके से पांच डांसरों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। रिसॉर्ट में अवैध कैसीनो संचालित होने की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार व सीओ श्रीनगर के नेतृत्व में टीम ने रिसॉर्ट में छापा मारा। छापे की कार्रवाई से रिसॉर्ट में हड़कम्प मच गया। इस दौरान यहां भारी मात्रा में कैसिनो चिप्स, ताश की गड्डियां, कैश, मोबाइल बरामद हुए है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि ऋषिकेश के चर्चित कथित मिर्गी रोग विशेषज्ञ के पौड़ी जनपद में गंगा भोगपुर स्थित नीरज फॉरेस्ट रिसार्ट में छापे की कार्रवाई के दौरान जुआ खेलते पुलिस का एक सिपाही भी गिरफ्तार हुआ है। बताया कि विनीत नाम का यह सिपाही ऋषिकेश में तैनात है। अन्य लोगों की तरह इसके खिलाफ भी संबंधित (शेष पृष्ठ 7 पर)



## महिला कांस्टेबल पर हमले का आरोपी मुठभेड़ में ढेर



अयोध्या (उद संवाददाता)। चलती ट्रेन पर महिला कांस्टेबल से छेड़खानी करने और विरोध करने पर बुरी तरह से लहूलुहान कर देने का आरोपी हमलावर शुक्रवार को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। महिला कांस्टेबल 30 अगस्त को अयोध्या रेलवे स्टेशन पर सरयू एक्सप्रेस के एक डिब्बे में खून से लथपथ मिली थीं। अयोध्या के पूरा कलंदर में शुक्रवार की सुबह मुठभेड़ हुई जहां मुख्य आरोपी अनीस और उसके साथियों को पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बचाव में पुलिस ने क्रास फायरिंग की तो मुख्य आरोपी अनीस मौके पर ढेर हो गया। मुठभेड़ में थानाध्यक्ष पूरा कलंदर घायल हो गये। उसके दो साथियों आजाद और विशंभर दयाल उर्फ लल्लू को को पुलिस ने इनायत नगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कार्रवाई में वे दोनों भी घायल हो गये हैं। पुलिस के मुताबिक अनीस मुख्य आरोपी था। उसी ने छेड़छाड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## मैक्स वाहन पर गिरे बोल्डर बाल-बाल बचे आठ पर्यटक

उत्तरकाशी (उद ब्यूरो)। गंगोत्री हाईवे पर धरासू के पास यात्रियों के मैक्स वाहन पर पहाड़ी से भारी भरकम बोल्डर गिर गए। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। गनीमत रही कि किसी



यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। धरासू के पास से गुजर रहा वाहन पत्थर की चपेट में आने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में राजस्थान के आठ यात्रियों के जान बाल-बाल बच गई।। पुलिस ने यात्रियो को अन्य वाहन से गंगोत्री भेजा।

## एनएच कार्यालय पर व्यापारियों ने काटा हंगामा

### व्यापारियों के सवालों पर निरूत्तर हुए एनएच के पीडी, कल निकालेंगे पुतले की शव यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुर्नवास की मांग को लेकर आंदोलित लोहिया मार्केट एवं नेहरू मार्केट के उजाड़े गये व्यापारियों ने आज अंगददेव काम्पलेक्स स्थित एनएच के कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन के साथ हंगामा करते हुए एनएच के पीडी विकास कुमार का घेराव किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी इससे पूर्व रोडवेज के सामने एकत्रित हुए जहां से नारेबाजी करते हुए एनएच कार्यालय पहुंचे। संजय ने पीडी विकास कुमार से जानकारी चाही कि व्यापारियों की दुकानों को किसके आदेश से तोड़ा गया है और अतिक्रमण हटाने के नाम पर दोहरी नीति क्यों अपनाई गई। उन्होंने पूछा कि एक ओर मुख्य मार्ग के काफी पीछे की दुकानों को तोड़ दिया गया जबकि एसएसपी कैंप कार्यालय से नगर निगम तथा रोडवेज व शराब भट्टी के भवनों पर पूरी (शेष पृष्ठ सात पर)






## माल गोदाम के समीप ट्रेन पलटने की सूचना से मचा हड़कंप

### आपात स्थिति से बचाव को लेकर रेलवे ने किया मार्क ड्रिल

काशीपुर(उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन पर माल गोदाम के समीप सुबह सवारी गाड़ी की एक बोगी के पटरी से नीचे उतरने की सूचना ने यहां शहर में हड़कंप मचा दिया। आम लोगों को जैसे ही इसकी सूचना मिली स्टेशन की ओर दौड़ पड़े। हादसे में लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना रही। समूचा घटनाक्रम आपात स्थिति से निपटने के लिए रेलवे द्वारा किया गया मार्क ड्रिल था। ट्रेन दुर्घटना पर आधारित मार्क ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच राहत व बचाव कार्य के दौरान समन्वय स्थापित करना है।



सुबह 10:21 पर जैसे ही सवारी गाड़ी के डिब्बे के रेलवे ट्रैक से नीचे उतरने की सूचना प्राप्त हुई महकमे में हड़कंप मच गया। रेलवे कंट्रोल रूम में तत्काल इसकी सूचना राहत एवं बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ को दी। मौके पर संयुक्त मार्क ड्रिल किया। दुर्घटना से बचाव एवं विपरीत परिस्थितियों में प्रभावी रूप से निपटने के लिए रेलवे ऐसे अभ्यास करता रहता है। उधर सूचना मिलने पर रेलवे की आपदा प्रबंधन टीम के अलावा स्थानीय प्रशासन की उच्चाधिकारी, पुलिस, सिटी पेट्रोल यूनिट सिविल अस्पताल की टीम, प्राइवेट अस्पतालों की स्टाफ एंबुलेंस के अलावा 108 की टीम ने मौके पर डेरा डाल दिया। इस दौरान ट्रेन एक्सीडेंट में घायल लगभग दो दर्जन के करीब यात्रियों के प्राथमिक उपचार दिए जाने की व्यवस्था की गई। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को नजदीक के अस्पतालों में भेजे जाने का भी रिहर्सल किया गया। रेलवे द्वारा किए गए (शेष पृष्ठ सात पर)

## शिक्षकों और कर्मियों को अब नहीं मिलेगी यात्रा अवकाश की सुविधा

देहरादून (उद संवाददाता)। करीब एक लाख शिक्षकों और कर्मियों को साल में एक बार यात्रा अवकाश की सुविधा नहीं मिलेगी। वित्त सचिव दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि यात्रा अवधि अवकाश की व्यवस्था 18 सितंबर 2020 को समाप्त की जा चुकी है। शिक्षा महानिदेशक के यात्रा अवकाश मंजूर करने संबंधी आदेश को लौटाया जाए। प्रदेश के शिक्षक और कर्मचारी पिछले काफी समय से यात्रा अवकाश देने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि उच्च शिक्षा विभाग में शिक्षकों को इसका लाभ दिया जा रहा, जबकि बेसिक, जूनियर हाईस्कूल और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों को इससे वंचित किया गया है। उन्हें यात्रा अवधि अवकाश दिए जाने की पूर्व की व्यवस्था को बहाल किया जाए। राजकीय शिक्षक संघ की चार अगस्त 2023 को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षकों और कर्मियों को यात्रा अवकाश देने पर सहमति बनी थी। बैठक में यात्रा अवकाश पर सहमति बनने के बाद शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने चार अगस्त 2023 को आदेश जारी किया कि सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की पहले की तरह साल में एक बार यात्रा अवकाश दिया जाएगा। आदेश में कहा गया(शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने छात्रा को बहला फुसलाकर किया अगवा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में एक युवक कक्षा आठ की छात्रा को बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में परिजनों को कहना है कि उनकी पुत्री भूरारानी स्थित एक स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा है। बुधवार दोपहर शारदा कालोनी निवासी बेबी उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। शाम तक जब पुत्री घर में नहीं आई, इस पर उसकी खोजबीन की गई। काफी तलाश करने के दौरान पता चला कि उसे बेबी भगा ले गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी ली और किशोरी के पिता की शिकायत पर आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर लिया । साथ ही आरोपी युवक की हर संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए पुलिस टीम लगी है। एसएसआइ अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है। आरोपित का मोबाइल नंबर भी सर्विलांस पर लगाकर उन्हें ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## यार्ड स्वामी व दो अन्य पर बाईक लूट का केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बैंक से किश्तों पर ली गई बाईक को जबरन लूटकर यार्ड में खड़ा कर देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यार्ड स्वामी तथा दो अन्य पर बाईक लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।दर्ज रपट में मूलरूप से ग्राम कजरौटा फतेहगंज बरेली हाल ट्रांजिट कैंप आजाद नगर निवासी अवनीश कुमार पुत्र नत्थू लाल ने बताया कि उसने बैंक से किश्त पर बाइक ली थी। 25 अप्रैल को तीनपानी लेबर अड्डे पर गया हुआ था। इस दौरान तीन पानी स्थित यार्ड में काम करने वाले दो लोग आए और उसकी पिटाई कर जबरन बाइक लूट ले गए। जिसके बाद आरोपित बाइक लेकर यार्ड में पहुंचे। अवनीश का आरोप है कि जब वह अपनी बाईक लेने के लिए यार्ड पर पहुंचा तो यार्ड के स्वामी अमित पांडेय ने उससे गाली गलौज करते हुऐ जान से मारने की धमकी दी और यार्ड की 50 रुपये की पार्किंग भी ले ली। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि तहरीर के आधार पर यार्ड स्वामी अमित पांडेय और दो अन्य पर लूट का केस दर्ज कर लिया है। जांच रम्पुरा चौकी प्रभारी केसी आर्या के सुपुर्द की गई है।

## फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए आ रहे श्रमिक को डम्पर ने रौंदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि सिडकुल स्थित फैक्ट्री को ड्यूटी के लिए बाईक पर सवार होकर जा रहे एक श्रमिक को बगवाड़ा मंडी के पास तेज गति से जाते डम्पर के अज्ञात चालक ने रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार दग्राम नदेली बहेड़ी बरेली निवासी 25 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र मीही लाल सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि गत रात राजेश को ड्यूटी के लिए बाइक से जा रहा था। मार्ग में बगवाड़ा मंडी के पास तेज गति से जाते डंपर ने उसे रौंद दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक राजेश का एक माह का बच्चा है। उसकी शादी डेढ़ वर्ष पहले शादी हुई थी। वह चार भाईयों में सबसे छोटा था। घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिजन यहां पहुंचे और शव देखकर उनमें कोहराम मच गया।

# शाम होते ही टांडा उज्जैन में लग जाती है वाहनों की लंबी कतार

## ट्रैफिक जाम की समस्या से नहीं मिल रहा है छुटकारा

काशीपुर(उएद संवाददाता)। कुमाऊं के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले पौराणिक शहर काशीपुर से होकर यदि आपको आगे की यात्रा करना है अथवा स्कूल अस्पताल या फिर जरूरी कार्य वश कहीं जाना है तो इसके लिए समय से पूर्व आपको गंतव्य की ओर निकलना होगा कुछ स्थानों पर यहां जाम की स्थिति इतनी नाजुक हो चुकी है कि इसके झाम से बच पाना किसी चुनौती से कम नहीं है। शाम 5:00 बजे के बाद से टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में जाम की भीषण नौबत उत्पन्न हो जाती है। कई बार तो यहां दिन में भी भीषण जाम का संकट उत्पन्न हो जाता है। वाहनों की लंबी कतार लग जाने के बाद जाम से जूझ रहे लोग लोग नियम कायदों को भी ताक पर रख देते हैं ऐसे में गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका प्रबल हो जाती है। देर रात्रि तक टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में जाम का यह नजारा देखा जा सकता है। इसी तरह चीमा चौराहे पर भी जाम के संकट से वाहन चालकों को निजात नहीं मिल पा रही है। जाम के कारण यहां भी हर वक्त एक्सीडेंट का अंदेशा बना रहता है। उधर स्टेडियम तिराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल होने के कारण सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक कई कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### निष्क्रिय बने हैं जिम्मेदार अधिकारी

काशीपुर। मुरादाबाद रोड व रामनगर रोड पर बड़े स्टोर स्कूल व प्राइवेट अस्पतालों के आगे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभी तक जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी नहीं टूटी। अधिकारियों के इस कार्यशैली का संदेश आम समाज में गलत जाने लगा है। बता दे कि मुरादाबाद रोड पर राष्ट्रीय राजमार्ग को प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालकों ने पार्किंग में तब्दील कर रखा है। अस्पतालों के संचालकों की इस करतूत के कारण जहां हाईवे पर ट्रैफिक की चाल धीमी पड़ गई वहीं दुर्घटनाओं की भी आशंका चौबीस घंटे बनी रहती है। इसी तरह क्षेत्राधिकारी कार्यालय के ठीक बगल स्थित एक स्कूल ने हाईवे को पार्किंग बना रखा है। इस स्कूल का मुख्य द्वार भी हाईवे को अतिक्रमण कर निर्माण कराया गया है।

# राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्रों को किया सम्मानित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता (जूनियर वर्ग) में जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर के दो छात्रों का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यक्ष व प्रबन्धक द्वारा चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। 17 व 18 सितम्बर 2023 को राज्य स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता (जूनियर वर्ग) का आयोजन अल्मोड़ा में किया गया जिसमें जनता इण्टर कॉलेज की टीम ने जिला उधम सिंह नगर प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके आधार पर जूनियर वर्ग में विद्यालय के दो छात्रों रोहित जैन व नितिन सिंह नेगी का चयन अक्टूबर माह में शिवपुरी (मध्यप्रदेश) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता हेतु किया गया है। छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्रबंधक पवन अग्रवाल ने इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय पिछले अनेक वर्षों से परीक्षाफल के सथ-साथ खेलों और सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है इसके लिए प्रधानाचार्य और समस्त अध्यापक बधाई के पात्र हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सतीश अरोरा ने अतिथियों का धन्यवाद् दिया एवं प्रतिभागी छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संजय आर्य, भुवन चन्द डूंगराकोटी, महेन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह, अमित कपूर, हेम चन्द पंत, विरेन्द्र जोशी, विजेन्द्र कुमार, गोविन्द मजूमदार, रंजीत राज, सुनील कुमार, संजीत चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण विधेयक कांग्रेस की देन: शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महिला आरक्षण विधेयक संसद में पास होने पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने इस विधेयक को कांग्रेस की देन बताया है। प्रेस को जारी एक बयान में महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक का जो सपना आज साकार हुआ है उसकी परिकल्पना कांग्रेस ने ही की थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ओर पूर्व महासचिव राहुल गांधी ने भी इसका खुलकर समर्थन किया है। वास्तव में कांग्रेस इस विधयेक को बहुत पहले लाना चाहती थी। कांग्रेस ने ही सबसे पहले इस विधेयक को लाने की शुरूआत की थी। पूर्व में इसे राज्य सभा में कांग्रेस ने ही पास कराया था। लेकिन किन्ही कारणों से यह विधेयक लागू नहीं हो पाया था। आज नगर निकायों में 15 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधि नेतृत्व कर रही हैं वह भी कांग्रेस की ही देन है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि इस विधेयक को 2024 के लोकसभा चुनाव से ही लागू किया जाना चाहिए। साथ ही इसका लाभ ओबीसी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को भी मिलना चाहिए। तभी यह विधेयक सार्थक होगा। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही महिला सशक्तिकरण पर जोर देती आयी है। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने समय समय पर महिलाओं को हित में बड़े कदम उठाये हैं। आगे भी कांग्रेस महिलाओं को सशक्त और स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 125 लोगों का चेकअप

गदरपुर(उद संवाददाता)। बृहस्पतिवार को सकेनिया के एक निजी स्कूलों में सिख सेवक दल की ओर से प्रशिक्षण कराया। नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह एवं डॉक्टर नूतन जैन ने संयुक्त रुप



निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 125 लोगों ने पंजीकरण करा कर निशुल्क नेत्र फीता काटकर किया। इस अवसर पर शिविर में जिला मुख्यालय रुद्रपुर से महाराजा अग्रसेन अस्पताल के डॉक्टर नूतन जैन, डॉक्टर मुस्कान वर्मा, डॉक्टर अरशद अली, डॉक्टर मनोज कुमार ने डॉक्टर नफीस अहमद की अगुवाई में निशुल्क नेत्र जांच शिविर में लगभग 125 मरीजों की जांच की जिसमें लगभग दो दर्जन मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए भी चिन्हित किया इस दौरान सुखेंद्र पाल पाटु, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह धालीवाल, किरण धालीवाल, युवराज सिंह, अमीरुल हसन, शेरचंद कंबोज शैलेंद्र शर्मा आदि लोग शामिल रहे

# ग्रामीणों को विश्व शांति दिवस की दी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुचेतना समाज सेवा संस्था द्वारा ग्राम बागवाला झील में आयेजित एक कार्यक्रम में सिस्टर शारदा और सपना ने महिलाओं को विश्व शांति दिवस के बारे में बताते हूए कहा कि 21 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से सफेद कबूतर उड़ाए जाते हैं। यह शांति का प्रतीक है । हर साल 21



सितंबर को विश्व शांति दिवस मनाया जाता है । उन्हौंने ग्रामीण वासियों को बताया कि हमें प्रेम भाव से रहना चाहिए। अपने गांव के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। आपस में भाईचारा का मेल मिलाप रखना चाहिए, हमें आपसे झगड़ा ना कर कर एक दूसरे के साथ शांति बनाए रखना चाहिए, हमें हर किसी का सहयोग करना चाहिए। अगर गांव में झगड़ा होता है तो लोगों के साथ शांति से मेल मिलाप करना चाहिए। इस दौरान शोभा, गुड़िया, पानमती, आशा, उषा, जमुनिया, रीता, फुल देवी, लक्ष्मी, प्रियांशु, प्रिंस, प्रीतम कुमार, रागिनी, नेहा, आंचल, सुमित्रा, परी, सावित्री, सोनाली, शिवानी आदि ग्रामीण वासी उपस्थित थे।

# नगर पंचायत ईओ ने वार्डों का किया औचक निरीक्षण

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी विमल जोशी शहर में व्यवस्थाओं को लेकर काफी सक्रिय हैं। साफ सफाई व्यवस्थाओं को लेकर वार्डों का औचक निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने कर्मचारियों के साथ बंगाली कॉलोनी, रोडवेज बस स्टेशन, वार्ड नंबर 5 में सफाई व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया।



ईओ ने सफाई नायकों को वार्डों की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। गंदगी मिलने पर ईओ ने नाराजगी जताई। शहर के सभी वार्ड साफ सुथरे और स्वच्छ होने चाहिए। ईओ ने सफाई नायक को हिदायत देते हुए कहा है कि बाजार के हर वार्ड में विशेष सफाई रखने के निर्देशित किया। सफाई व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले सफाई नायकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वार्ड वासियों ने ईओ विमला जोशी को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। वार्डवासियों की समस्या को देखते हुए समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर सभासद प्रदीप विश्वास,दान सिंह राणा, तरुण गुलाटी, कृष्ण भट्ट आदि सफाई नायक कर्मचारी मौजूद थे।

# ठुकराल ने ब्रज धाम यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं की बस को किया रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री राधाष्टमी के उपलक्ष में वार्ड नंबर 29 सुभाष कॉलोनी से पांच दिवसीय ब्रजधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की बस को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु बांके बिहारी जी के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए।इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि वृंदावन धाम में करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। वृंदावन धाम में श्रद्धालु दर्शन रमणरेती, चौरासी खम्भे, राधारानी का जन्म स्थल, रावल, वृन्दावन, बांके बिहारी,



दामोदर मन्दिर, निधिवन, मधुवन, चीरघाट, गोपेश्वर मन्दिर, इस्कॉन मन्दिर, श्रीकृष्ण जन्म भूमि, मथुरा, बरसाना, मन्दिर दर्शन, कीर्ति मन्दिर, नन्दगाँव दर्शन, गोवर्धन परिक्रमा, राधाकुण्ड, श्यामकुण्ड, मानसी गंगा,जतिपुरा, मुखारविन्द, बृज के चार धाम यात्रा ।के दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल , बंटी राजोरिया, सुग्रीव यादव, अजय पाल ,बंटी कोली, गगन ग्रोवर ,शीतल शर्मा ,बाबू राम ,सुमित, विवेक यादव,मनोज ,किरन ,आरती,मिथलेश,फूल कुमारी,तारा देवी, सोनी देवी,मधु तिवारी, मंजू देवी, सूरज ग्रोवर लोग उपस्थित थे।

# दिव्यांगों के लिए शिविर 24 को खटीमा में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि 24 सितम्बर को प्रात: 11 बजे से थारू विकास भवन खटीमा में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत जनपद से चयनित लाभार्थियों को जीवन सहायक उकरणों के नि:शुल्क वितरण किये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि समय से शिविर में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।


## नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 03 में क्रमांक 218 पर श्री भगवान दास पुत्र देवीदित्ता का नाम अंकित है। जिसको वसीयतनामें के आधार पर श्री रमेश लाल पुत्र स्व0 भगवान दास निवासी वार्ड नं0 03 गदरपुर के नाम नामान्तरण होना है। जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण करने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखों में श्री रमेश लाल पुत्र स्व0 भगवान दास निवासी वार्ड नं0 03 गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद-मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**


# उत्तराखंड सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए उधम सिंह नगर टीम का चयन 24 को

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बास्केटबाल एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के सचिव रमेश चन्द्र लोहनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 सितम्बर को प्रात: 9 बजे से मनोज सरकार स्टेडियम रुद्रपुर में बास्केटबाल एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर द्वारा जिले की सीनियर ( पुरुष एवं महिला वर्ग ) का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया जाएगा। और उन्होंने आगे कहा कि जिन खिलाड़ियों का जन्म उधम सिंह नगर जिले में हुआ है या इस जिले में पिछले 6 माह से कार्यरत हैं वे इस चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है स चयनित खिलाड़ी दिनांक 29 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक रुद्रपुर में होने वाली सीनियर स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगीता मे भाग लेंगे। इच्छुक खिलाड़ी श्रीमती सुधा जोशी एन.आई.एस बास्केटबाल प्रशिक्षक रमेश चंद्र लोहनी एन.आई.एस प्रशिक्षक सावन मेहरोत्रा स्टेट रेफरी से संपर्क कर सकते हैं। इस चयन प्रक्रिया के दौरान उत्तराखंड बास्केटबाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र शर्मा व जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल जी भी उपस्थित रहेंगे

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# गणेश महोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम






रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल गणेश उत्सव समिति द्वारा पंतनगर सिडकुल चौक में आयोजित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन पं. भैरव दत्त शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। कार्यक्रम के यजमान दीपक गुप्ता, निधि गुप्ता, रूबी सिंघल, प्रदीप सागवान, प्रियंका सागवान ने पूजा में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान आरएएन स्कूल के बच्चों ने गणेश नृत्य, जेसीज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शिव दांडव नृत्य, सस्टी दिव्यांग वेलफेयर सोसाईटी ने होली वुड मिक्स डांस, केशव विद्या मंदिर के बच्चों ने झांसी की रानी की प्रस्तुतिकरण तथा टोनी ग्रुप योग फोर मेंस कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एंकर एकता शर्मा दिल्ली निवासी ने संचालन किया। इस दौरान अनिरूद्ध जोशी, मिलेन्द्र हुंडेकर, मर्नीष शर्मा, श्रीकर सिन्हा, संजय सिंघल, डा.संजय शर्मा, रूपा शर्मा, अंशुमान कुशवाहा, नरेश जोशी, दीक्षा जोशी, तेजू बघेल, अरूण टोंक, सुमेधा टोंक, मनोज सक्सेना, राजेश कुमार, चिराग मेहता, सुधीर मिश्रा,संदीप उपाध्याय, उत्तम जंतवाल, अनूप सिंह, संदीप भगत, राजेश मिश्रा आदि लोग थे।

बिकाऊ है
करतार पुर रोड पर बेहत फार्म स्थित 22 एकड़ कृषि भूमि।
घर,गोदाम,पार्किंग शैड, ट्यूबवैल आदि मौजूद
सम्पर्क करें:
09815123221, 09779777117



HB SPECIALTY HOSPITAL
कमर व जोड़ दर्द कैंप
अमेरिका से प्रशिक्षित रिजनरेटिव मेडिसिन स्पेशलिस्ट
डॉ. नाथन कैट्स
Dr. Nathan Katz
Regenerative Medicine Specialist
22-23 सितम्बर 2023
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें - +91 9634100888 hbansal@drhbf.org
पता . काशीपुर रोड, भूरारानी मोड़ के पास, रुद्रपुर

## पूर्व विधायकों ने किया पुलों का निरीक्षण



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भाजपा के पूर्व विधायक ने पुलों का निरीक्षण किया। पुल का निर्माण मानक रूप से न होने पर एक लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री को पत्र भेजकर अधिकारियों के विरुद्ध जांच की जाए। जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने ग्राम पहसैनी, लामा खेड़ा संपर्क मार्ग पर खाकरा नदी पुलों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। राणा ने कहा है कि नानकमत्ता विधानसभा के अंतर्गत दो पुलों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसका निर्माण कार्य तीन माह पूर्व हो गया था। इन दोनों पुलों का निर्माण कार्य मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप नहीं किया गया है तथा वित्तीय अनियमिताएं भी पाई गई है। दोनों पुलों की एप्रोच रोड पहली बरसात में ही बह गई है। जिसको लेकर ग्रामीणों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भारी रोष पनपता दिखाई दिया है। जनहित की दृष्टिगत रखते हुए तत्काल पुलों के निर्माण कार्य की जांच को लेकर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को पत्र भेजकर निर्माण कार्य की देख रेख करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। इधर ग्रामीणों ने भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा को पुल के निर्माण को लेकर अवगत कराया। इस मौके पर भास्कर संभल, ओम नारायण राणा आदि थे।

## अंकिता को न्याय दिलाने के लिए जारी रहेगा संघर्षः मीना



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को जब तक न्याय नहीं मिलेगा, महिला कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। श्रीमती शर्मा ने देहरादून में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की जुझारू अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में आयोजित मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में प्रतिभाग कर वापिस रुद्रपुर आने के बाद कहा कि सरकार की हठधर्मिता और तानाशाही रवैया के कारण अभी तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिला है, उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस भी इस मामले में चुप नहीं रहने वाली है, और जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिलेगा, महिला कांग्रेस का यह संघर्ष जारी रहेगा। इधर श्रीमती शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिसके लिए वह महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करती है स इधर उधम सिंह नगर जिले से भी बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देहरादून पहुंचकर मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली प्रदेश सचिव सपना गिल, जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर, प्रदेश सचिव चंद्रा सिंह जोशी, प्रीति साना,मंजू जैन, पूनम गुप्ता, पुष्प लता तिवारी, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। थाना चौखुटिया पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा को चेकिंग के दौरान ग्राम जमनिया में अवैध अग्रेजी शराब के र्साथ एक नशा तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता कुंदन सिंह रावत पुत्र स्व. बच्ची सिंह रावत निवासी ग्राम जमनिया चौखुटिया अल्मोड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल



13 बोतल अंग्रेजी शराब, एक अधभरी बोतल व तीन खाली बोतल अंग्रेजी शराब कीमत लगभग 7 हजार रुपये बरामद हुई। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद कुंदन को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि अभियुक्त शराब को सरकारी ठेकों से अलग अलग खरीद कर अपने गांव में लोगों को अधिक दाम में बेचता था। जिसे पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार, अपर उनि अनवर अहमद व हेकानि. दीपक कुमार शामिल थे।

## अपनी संस्कृति को संजोए रखना सबकी जिम्मेदारी:रेखा

### नंदो देवी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा आगमन पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मुख्य अतिथि के तौर पर आयोजित नंदा देवी मेले महोत्सव में प्रतिभाग किया।जहां पर स्थानीय महिलाओ ने उनका भव्य स्वागत किया।वहीं उन्होंने नंदा देवी मंदिर पहुंचकर माँ नंदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अल्मोड़ा एक सांस्कृतिक नगरी है।यहाँ की संस्कृति की एक अलग पहचान है।कहा कि आज हम सब का यह अहम जिम्मेदारी बन जाती है कि हम सब लोग अपनी संस्कृति को संजो कर रखें ।साथ ही उसे बचाने के लिए काम करें।उन्होंने कहा कि वहीं साथ ही इन दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई।जिन्हें देख कर मंत्री ने कलाकरों की तारीफ की।कहा कि जिस तरह से यहां पर कलाकारों द्वारा लोगो को अपनी संस्कृति व सभ्यता से परिचय कराया गया वह काबिलेतारीफ है।सांस्कृतिक प्रस्तुतियां के माध्यम से भी हमे अपनी संस्कृति का परिचय प्राप्त होता है।कहा कि हमे अपने कलाकारो का उत्साहवर्धन के साथ उन्हें आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए।साथ ही कहा कि सरकार खेल व खिलाड़ियो के लिए हर प्रकार से मदद कर रही है और उन्हें आगे बढ़ा रही है।कई सारी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है ।वही जल्द ही खेल विभाग खिलाड़ियो के लिए कई अन्य योजनाए लाने जा रहा है जिससे हमारे प्रदेश के युवाओं को अपने खेल को निखारने में भी मदद मिलेगी और वह खेलो के प्रति भी आकर्षित होंगे। वहीं कैबिनेट मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा संसद में महिला आरक्षण बिल पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व धन्यवाद जताया।कहा कि लंबे समय से यह बिल अधर में लटका हुआ था जिसे की केंद्र की मोदी सरकार ने नारी वंदन विधेयक के रूप में पास किया है।हम सब के लिए यह एक ऐतिहासिक फैसला है और निश्चित ही आने वाले वक्त में महिलाओं की भागीदारी लोकसभा व राज्य विधानसभा में बढ़ेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा जी,पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला,पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिरखवाल,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, डीसीबी अध्यक्ष ललित लटवाल,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष कुंदन लटवाल,पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कैड़ा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लीला बोरा, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी ,सभासद मोनू शाह,विनीत बिष्ट जी सहित समस्त मेला समिति के सदस्य, भाजपा प्रदेश कार्यकारणी के पदाधिकारी, जिला भाजपा के पदाधिकारी,मातृ शक्ति व देवतुल्य जनता उपस्थित रही।

# गदरपुर ब्लॉक के चहुॅमुखी विकास के लिए चिन्तन शिविर आयोजित

## रेटिंग सुधार के लिए जनप्रतिनिधियों से लिये सुझाव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आकांक्षी जनपद के अन्तर्गत चयनित गदरपुर ब्लॉक के चहुॅमुखी विकास हेतु चिन्तन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने नीति आयोग द्वारा चिन्हित 39 सूचकों पर ब्लॉक की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रत्येक सूचक में रेटिंग सुधार हेतु विस्तार से चिन्तन किया गया और सभी से सुझाव लिए गए। सीडीओ ने बताया कि संकल्प सप्ताह का 30 सितंबर को शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली में किया जाएगा। उन्होंने दिल्ली



में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने हेतु दो जनपद स्तरीय तथा दो ब्लॉक स्तरीय नामित कराने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक के अन्तर्गत विकास खण्ड गदरपुर में 3 अक्टूबर को 'संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्प' कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। सुपोषित परिवार के तहत 4 अक्टूबर को सुपोषण मेला का आयोजन किया जाएगा। 5 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाते हुए प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जायेंगी। 6 अक्टूबर को कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 7 अक्टूबर को शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 8 अक्टूबर को समृद्धि दिवस का आयोजन किया जायेगा। 9 अक्टूबर को संकल्प सप्ताह समावेश सम्मेलन का आयोजन होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं जनता से अपील करते हुए कहा कि जागरूक होकर सभी कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु भी सुझाव लिए। शिविर का संचालन आशीष भटनागर द्वारा किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, लीड बैंक अधिकारी एसएस जंगपांगी, एडीपीआरओ महेश कुमार सहित जनप्रतिनिधि व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# सीडीओ ने किया निजी स्कूलों का औचक निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। डेंगू की रोकथाम के लिए मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने आरएएन पब्लिक स्कूल जेपीएस औचक निरीक्षण कर चेक किया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी बच्चों ने फुल आस्तीन की शर्ट पहनी है या नहीं। मुख्य शिक्षा अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस दौरान पाया गया कि कई बच्चों ने फुल आस्तीन की शर्ट नहीं पहनी थी। सीडीओ ने संबंधित विद्यालयों को प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि



शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करें तथा बच्चों की सेहत के साथ किसी भी तरीके का खिलवाड़ ना किया जाए और डेंगू के प्रकोप से बचने में समाज के हर नागरिक हर संस्था को अपना उत्तरदायित्व है तथा सभी अपना रोल निभाया जाए।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा दिवस के रूप में



एक रक्तदान शिविर बेस चिकित्सालय में लगाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री मजहर नईम नवाब एवं विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला नैनीताल प्रभारी परवेज खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उद्घघाटन किया। अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष असगर अली ने की। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के 10 कार्यकर्ताओं ने अपना रक्तदान किया। श्री नवाब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं। अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ सभी को मिल रहा है। महिला आरक्षण बिल पास करके भाजपा सरकार ने यह साबित कर दिया कि महिलाओं का मान और सम्मान एवं सुरक्षा केंद्र एवं राज्य सरकार के लिए सर्वोपरि है। अल्प संख्यक मोर्चा द्वारा जो सेवा पखवाड़ा दिवस लगातार चलते रहेंगे।इस अवसर पर अमन अल्वी, नाजिम सैफी, सुलेमान, सलीम अंसारी, मुस्लिम खान, हैप्पी, कपिल, यूनुस, असगर अली, मोहम्मद फरीद एवं हसीन ने रक्तदान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, मधुकर श्रुति, पंकज अधिकारी, रविंदर श्रुति, महबूब अली, फारूक अंसारी, इसरार हुसैन, अमन अल्वी, नाजिम सैफी, मोहम्मद यूनुस, शकील अंसारी, चांद वारसी एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गणेश महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वैश्य महासभा के गणेश महोत्सव कार्यक्रम में गत दिवस की शुरुआत रामलीला ग्राउंड में गणेश जी की आरती से हुई तथा प्रसाद का वितरण किया गया। शाम के कार्यक्रम की शुरुआत प्रवचनों से हुई। उसके बाद आनंदा एकेडमी, राजमणि डांस ग्रुप आदि विभिन्न संस्थाओं द्वारा



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उसके पश्चात 3 से 9 वर्ष के आयु के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का कार्यक्रम हुआ। जिसकी थीम देशभक्ति और धार्मिक-सांस्कृतिक थी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक लालकुआं मोहन बिष्ट, रेनू अधिकारी, कनक चंद्रा, मोहिनी रावत ने बताया कि वैश्य महासभा विगत कई वर्षों से क्षेत्र का सबसे बड़ा गणेश महोत्सव का आयोजन करती आ रही है और समाज में एकता का संदेश भी दे रही है। अध्यक्ष आलोक शारदा और महामंत्री भवानी शंकर नीरज ने सभी अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रेम गुप्ता, भगवान सहाय अग्रवाल, बिंदेश गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, राजीव अग्रवाल, सुधीर जैन, शैलेश गुप्ता ऋषि, राशि जैन, वैभव गुप्ता गांधी,रामकिशोर अग्रवाल,विनीत अग्रवाल,अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि, सीमा देवल आदि उपस्थित थे।



# जैव प्रौद्योगिकी परिषद पहुंचे कृषि मंत्री गणेश जोशी

पंतनगर(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जैव प्रौद्योगिकी परिषद के अध्यक्ष म गणेश जोशी ने आज उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी पंतनगर के कार्यालय पहुंचे। जहां अधि कारियों कर्मचारियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान उत्तराखंड जैविक प्रौद्योगिकी परिषद के डायरेक्टर ने परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी मंत्री गणेश जोशी को दी गई। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। मंत्री गणेश जोशी ने परिषद के अधिकारियों को हल्द्वानी में अक्टूबर माह में आयोजित होने वाले श्री अन्न महोत्सव के उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा स्टॉल लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण भी किया। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार, वैज्ञानिक डॉ. मनेंद्र मोहन, वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित रहे।










## गोद भराई व अन्न प्रासन्न कार्यक्रम का आयोजन

गूलरभोज (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय पोषण मेला के तहत बाल विकास विभाग गदरपुर गूलरभोज, सेक्टर 12 की सीडीपीओ / सुपरवाईजर, आँगनवाड़ी, साहियकाओं द्वारा नई बस्ती शिव मन्दिर गूलर भोज में सामूहिक रूप से मनाया। जिसमे मुख्य अतिथि इंद्रा गडिया व सीडीपीओ बीना भण्डारी ने रिबन काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । संचालन अजू शर्मा व सुनीता देवी ने किया । कार्यक्रम में गोद भराई , अन्नप्राशन गतिविधियाँ की गयी। सीडीपीओ बीना भंडारी द्वारा किशोरी बालिकाओ व महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजू शर्मा, सुनीता देवी सुनील मिथलेश, सुजाता, मुन्नी देवी, पुष्पा ,प्रेम लता, सुमन, गीता रीना, सत्यवती, पुष्पा रावत, बबली, पुष्पा मेहरा, लीला पाठक, बसंती, दीपा, गंगा, शंकुन्तला, दुर्गा, लक्ष्मी जलाल, बीसोली, रेखा, मानवती, संतोष आदि लोग उपस्थित थे।

## नारी सशक्तिकरण में ऐतिहासिक बदलाव लाएगा महिला आरक्षण विधेयक: भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी महिला आरक्षण बिल 2023 जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के नाम से



लाया गया है, पारित होने पर ऐतिहासिक बताते हुए देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रगति के पद पर चल रही केंद्र सरकार द्वारा संसद के विशेष सत्र को बुलाकर महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पेश किया गया जिसे लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी प्रचंड बहुमत के साथ हरी झंडी मिल गई है। श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण के वोटिंग से पहले सांसदों से अपील भी की थी की नारी शक्ति के विशेष सम्मान के लिए इस बिल को लाया जाना आवश्यक है श्री भट्ट ने कहा कि इस बिल के लागू होने के बाद महिलाओं को लोकसभा व विध ानसभा में 33% सीटों का आरक्षण मिलेगा जो कि देश में नारी सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक बदलाव साबित होगा। श्री भट्ट ने पुनः नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लोकसभा और राज्यसभा से पास होने पर प्रधानमंत्री जी को बधाई प्रेषित की है।

## श्री गणेश की पूजा कर चुघ ने की सब के लिए मंगलकामनाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने रम्पुरा शिव मंदिर चौरासी घंटा में नव चेतना क्लब द्वारा आयोजित चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव में गत रात्रि मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना की और सभी की मंगल कामना करते हुए कहा कि भगवान गणपति जी महाराज रिद्धि सिद्धि के स्वामी सब पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें। उन्होंने आयोजक नव चेतना क्लब के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा रम्पुरा शिव मंदिर चौरासी घंटा में पिछले कई वर्षों से श्री गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।जिससे क्षेत्र वासियों पर भगवान श्री गणेश की कृपा दृष्टि बनी रहती है। श्री चुघ ने कहा कि हिंदू संस्कृति के अनुसार किसी भी पूजा अर्चना को प्रारंभ करने से पूर्व भगवान श्री गणेश की पूजा की जाती है। इतना ही नहीं अन्य समस्त मांगलिक कार्यों को प्रारंभ करने से पूर्व भगवान श्री गणेश की आराध ना होती है। इससे पूर्व श्री चुघ का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजक क्लब के अध्यक्ष कांति कोली सहित अन्य पदाधिकारियों ने विशिष्ट अतिथि अमित गौड़ का माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात मंच पर श्री चुघ व श्री गौड़ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर क्लब के दीपक कुमार, बिट्टू कोली, अंकित वर्मा, रोहित कोली, सुमित कोली,अरूण कोली, अजय कोली, किशन कोली, गोलू कोली, शाका कोली, दीपक कोली, संदीप कोली, नीरज कोली, शिवा कोली, राजेश कोली, धर्मवीर कोली सहित आकाश यादव, डालचन्द कोली आदि भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।





## श्री गणपति की प्रतिमा का किया विसर्जन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रमोद धींगरा के विष्णुपुरी गली नंबर दस स्थित आवास में विराजे श्री गणपति जी महाराज जी की प्रतिमा का गत दिवस पूजा अर्चना के साथ जयघोषों के बीच विसर्जन किया गया। पुष्प वर्षा के साथ परिजनों व उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा श्री गणपति जी महाराज को विदाई दी गई। इससे पूर्व आवास पर भजन कीर्तन, आरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। प्रातः काल आरती के पश्चात एवं दोपहर महिलाओं द्वारा श्री गणपति जी महाराज के भजन गाए गए। भजनों की धुन में महिलाओ ने नृत्य भी किया। जिसके पश्चात आरती कर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन के दौरान अनु धींगरा, मीत धींगरा, रानी धींगरा, मनी धींगरा, कीर्ति धींगरा, पूनम धींगरा, गगनदीप धींगरा, ममता धींगरा, नीलम सिडाना, नायरा गुप्ता, सुरभि गुप्ता, अलका आहूजा, आराधना अग्रवाल,बलवंत राजपाल, भारती धींगरा, प्रमिला राजपाल, प्रीति अग्रवाल, बीना अग्रवाल,प्रिया धींगरा, हिमानी उपाध्याय, इंद्रसेन धींगरा, प्रमोद धींगरा, सौरभ धींगरा, समीर गुप्ता, आशीष धींगरा, मुकेश धींगरा ,लक्की धींगरा, ममता आहूजा, सुनील आहूजा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।



## दहेज हत्या के मामले में दंपत्ति गिरफ्तार



किच्छा(उद संवाददाता) । पुलभट्टा पुलिस ने दहेज हत्या के मामले फरार चल रहे पति व पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार वादी मो० बुन्दन पुत्र कदीर अहमद निवासी ग्राम देवरनिया मुंडिया जागीर थाना देवरनिया जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) द्वारा थाना पुलभट्टा मे तहरीर दी थीकि उसने अपनी पुत्री शबाना का निकाह माह जून 2018 मे अनवार पुत्र सज्जाद हुसैन निवासी वार्ड न0 18 सिरौलीकला किच्छा थाना पुलभट्टा जिला उधमसिह नगर के साथ किया था निकाह से ही इसके ससुराल पक्ष के लोगो द्वारा दहेज की मांग कर उसकी पुत्री शबाना को प्रताड़ित कर मारपीट कर रहे थे । 8 सितम्बर 2023 को ससुराल पक्ष के अनवार(पति) ससुर सज्जाद हुसैन, सास शहाना,जेठ अबरार ,जेठानी नाजरा,ननद राविया आदि द्वार दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री का गला दबाकर हत्या कर दी है । तहरीर के आध ार पर थाना पुलभट्टा मे अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना ओमप्रकाश शर्मा क्षेत्राधिकारी सितारगंज द्वारा की जा रही है। घटना मे अभि0गणो की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने अबरार व उसकी पत्नी नजारा को नजारा के मायके सकटुवा थाना बिलासपुर रामपुर से गिरफ्तार कर लिया। मामले मे मृतका सवाना के पति अनवार हुसैन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस टीम में सीओ ओम प्रकाश, थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उपनिरीक्षक दीपा अधिकारी ,फिरोज खान, कानि0 ललित चौधरी आदि शामिल थे।

# बड़ी मछलियों तक नहीं पहुंच रहे आबकारी के हाथ

**कार्यवाही के नाम पर हो रही औपचारिकता, कुटीर उद्योग बन चुका है अवैध शराब का धंधा**

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में जहां पुलिस ने एक और नशे के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है तो ही दूसरी ओर काशीपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में खूब फल फूल रहा है। मजे की बात तो यह है कि आबकारी ऐसे गांवों में जाने से परहेज करती है। कार्यवाही की औपचारिकता दूर-दूर से पूरी करने का काम किया जा रहा है ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी ना टूटे। जातव्य है कि ग्राम रमपुरा, खाईखेड़ा, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, कनकपुर समेत कुंडा जसपुर बाजपुर क्षेत्र के दर्जनो गांव ऐसे हैं जो अवैध कच्ची शराब के मामले में कुख्यात हो चुके हैं। उपरोक्त गांव में प्रतिदिन हजारों लीटर कच्ची शराब बनाई व बेची जा रही है। इन्हीं गांवों से जहरीली शराब की बड़ी खेप महफूज अड्डों को भी सप्लाई की जाती है। आबकारी इन गांव का फेरा जल्दी नहीं करती। सूत्रों की माने तो उपरोक्त गांव में रहने वाले प्रत्येक परिवारों का भरण पोषण अवैध कच्ची शराब के कारोबार पर निर्भर है। काशीपुर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का यह कारोबार पिछले लगभग तीन दशक से भी अधिक समय से फल फूल रहा है। अवैध कच्ची शराब की गैर कानूनी कारोबार ने आज क्षेत्र में इस कदर जड़ जमा लिया है कि इसको समूल उखाड़ फेंकना बड़ी चुनौती है। या फिर कह लिया जाए कि गलत नीतियों के कारण जिम्मेदार अधिकारी जरायम कारोबार को खत्म करने से परहेज कर रहे हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगा।

### गांव से लेकर शहर तक बिक रही कच्ची शराब

काशीपुर। कार्यवाही के नाम पर आबकारी जंगली इलाकों में लहन नष्ट कर रही है। अधिकांश मामलों में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। नगर क्षेत्र में आबकारी की नाक के नीचे तीन दर्जन से अधिक अवैध कच्ची शराब के गैरकानूनी अड्डे आबाद हैं। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी कानून की आंख में धूल झोंककर तमाम स्थानों पर कच्ची शराब की बिक्री जारी है।

### बाइकों से सप्लाई हो रही अवैध शराब

काशीपुर। अवैध कच्ची शराब का सेवन कर दर्जनों जिंदगियां जहां मौत के मुंह में चली गई वहीं सैकड़ो परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए लेकिन गोरखधंधा आज तक बंद नहीं हो सका। सुबह सवेरे तथा देर शाम छदम वेषधारी शराब तस्कर मोटरसाइकिल पर कच्ची शराब की खेप रखकर उसे महफूज ठिकानों पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। रमपुरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्जनों दुकानों में खुलेआम शराब बेची जा रही है।

# पत्नी ने खाया जहर तो पति ने विषपान कर दे दी जान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पत्नी द्वारा अज्ञात कारणों से जहर खा लेने के बाद मानसिक तनाव में आए पति ने विषपान कर अपनी जान दे दी। उसका शव ग्राम मोतीनगर में पड़ा पाया गया। लोगों द्वारा उसे सुशीला तिवारी हॉस्पिटल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी पत्नी की हालत चिंताजनक बनी हुई है। उसे सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार भीमताल ब्लॉक के भाकर गांव निवासी 37 वर्षीय भुवन पलड़िया की पत्नी रंजना ने विगत दिवस अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे तत्काल एसटीएच लेकर आए। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद से उसका पति भुवन तनाव में था। परिवार वालों ने बताया कि भुवन बार-बार यही कहता था कि वह अब लोगों को क्या मुंह दिखायेगा। इसके बाद भुवन मोतीनगर में बेसुध अवस्था में पड़ा पाया गया। लोगों को पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। उसे उपचार के लिए एसटीएच लाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर उसकी पत्नी रंजना की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# आयुर्वेद प्राचीन ऋषि मुनियों की दी हुई अनमोल धरोहर:राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। आयुर्वेद के सिद्धान्तों और समग्र स्वास्थ्य देखभाल में इसके महत्व के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु गुरूवार को राजभवन में ''आयुर्ज्ञान सम्मेलन'' आयोजित किया गया। आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग और आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन, जड़ी-बूटी कृषिकरण एवं संवर्धन, आयुष उद्योगों की स्थापना, वेलनेस सेन्टर, आयुष क्षेत्र में नवाचार एवं अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाना है। इस सम्मेलन में आयुष सम्बन्धी संसाधन एवं संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में 'आयुर्वेद और योगिक कल्याण सिद्धांत' विषय पर प्रो. उत्तम कुमार शर्मा, प्रो०अनूप गक्खड़, प्रो. एच एम चंदोला, प्रो. वी के अग्निहोत्री, प्रो. महेश व्यास ने अपने विचार साझा किए। 'सामंजस्यपूर्ण परंपरा-आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा का तालमेल' विषय पर एम्स ऋषिकेश के निदेशक प्रो रेनू सिंह, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. हेम चंद्र, प्रोफेसर आलोक श्रीवास्तव, प्रोफेसर पी के प्रजापति, प्रो रमाकांत यादव द्वारा विचार रखे गए। 'आयुर्वेदिक चिकित्सा में उन्नति' विषय पर डॉ ज्ञानेंद्र दत्ता शुक्ला, प्रोफेसर करतार सिंह धीमान, प्रोफेसर एस के जोशी, डॉ.मनोज शर्मा ने उपस्थित लोगों के साथ अपने अनुभव साझा किए। 'जीवनशैली संबंधी विकार और उनकी रोकथाम' विषय पर प्रो ओ पी सिंह, प्रोफेसर संतोष भट्टड़, प्रोफेसर ए के त्रिपाठी, डॉ. विनोद उपाध्याय, प्रोफेसर आर के जोशी ने अपने विचार रखे। 'उत्तराखंड में खुशहाल जीवन क्षेत्र अवसर और चुनौतियाँ' विषय पर प्रोफेसर संजय त्रिपाठी, और डॉ अभिषेक रमेश ने अपने विचार रखे। आयुर्ज्ञान सम्मेलन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) मुख्य अतिथि और पतंजलि के सीईओ आचार्य बालकृष्ण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न आयुष औषधीय के निर्माण क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनियों ने अपने स्टॉल भी लगाए। राज्यपाल ने इन स्टॉलों का अवलोकन किया और उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने आयुर्ज्ञान सम्मेलन की स्मारिका का भी विमोचन किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) कहा कि आयुर्वेद हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों की दी हुई एक अनमोल धरोहर है, जो मानवता के कल्याण और स्वस्थ्य, सुखी और निरोगी जीवनचर्या का आधार है। उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता। उत्तराखण्ड राज्य अपनी विशिष्ट वनौषधि संपदा, आयुर्वेदिक ज्ञान के लिए प्रसिद्ध है। प्राचीन काल से ही उत्तराखण्ड की इस पावन धरती पर, हिमालय के दिव्य आंचल में ज्ञान, विज्ञान और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता चला जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक उत्तराखंडवासी आयुर्वेद ज्ञान के प्रचार-प्रसार का ब्रांड एंबेसडर है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम योग, आयुर्वेद को हर एक व्यक्ति तक पंहुचाएं और उन्हें इससे होने वाले लाभ के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पूरी मानवता के लिए एक बड़ा वरदान है। कोविड-19 महामारी के बाद पूरी दुनिया आयुर्वेद, योग और मर्म के महत्व को समझ गए हैं। आचार्य बालकृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि इस सम्मेलन का प्रभाव अवश्य ही व्यापक स्तर पर होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सर्वाधिक प्राचीन परंम्परा है। आयुर्वेद के गौरव को लौटने में संशय नहीं है, ऋषियों की इस विधा की आज पुन: वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं आयुर्वेद के प्रति चेतन और जागृत होना होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों में समन्वय भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आर्युवेद के इतिहास के साथ-साथ जड़ी-बूटी आश्रित पद्धतियों के इतिहास को भी पढ़ाया जाना जरूरी है। सचिव आयुष डॉ पंकज पाण्डेय ने सम्मेलन के विषय में जानकारी दी। कुलपति आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय प्रो अरुण कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव आयुष विजय कुमार जोगदंडे, प्रो० बालकृष्ण पवार, डा. नंदकिशोर दाधीच, डा० मिथलेश कुमार, डॉ के के पाण्डेय, डॉ राजीव कुरेले, सहित आयुर्ज्ञान सम्मेलन में आयुष के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे विशेषज्ञ, विभिन्न आयुर्वेदिक कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक, रिसर्चर, स्नातकोत्तर रिसर्च छात्र-छात्राओं, सहित अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।







## सूचना

भू-लेख जो की 83.64 वर्ग मीटर खसरा न. 432/1/3 मीन, ग्राम रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर में है, उसका पिछला विक्रय पत्र अभिलेख संख्या 6514 दिनांक 08/08/ 2011 तहसील किच्छा में जो हरजिंदर सिंह पुत्र करनैल सिंह के नाम दर्ज व विक्रय पत्र अभिलेख संख्या 6332 दिनांक 27/12/2006 को तहसील किच्छा में सुरेश कुमार पुत्र श्री साधु राम के नाम दर्ज है की रजिस्ट्री की मूल प्रति 20/9/2023 को खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। मिलने पर सूचित करें-

**मनमोहन दुनेजा पुत्र**
**स्वर्गीय श्री रामलाल दुनेजा**
**B-05 गुलमोहर पार्क**
**भूरारानी रोड,रूद्रपुर,**
**उधम सिंह नगर,उत्तराखंड**

# पंतनगर इंटर कॉलेज के नए भवन के लिए चिह्नित जमीन का किया निरीक्षण

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर के जर्जर हो चुके पंतनगर इंटर कॉलेज के लिए नया भवन बनाने की कवायद शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ मंडी समिति के अधिकारियों के साथ पंतनगर इंटर कॉलेज पहुंचकर नए भवन के लिए चिह्नित जमीन का निरीक्षण किया।विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने बताया कि पंतनगर इंटर कॉलेज के संबंध में शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत से मुलाकात कर उन्हें कॉलेज की दुर्दशा से अवगत कराया गया था। मंत्री को बताया था कि विद्यालय भवन बहुत ही जर्जर हालत में है और कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है। चहारदीवारी भी गिरने के कगार पर है। विधायक बेहड़ ने शिक्षा मंत्री रावत से कॉलेज के लिए नए भवन का निर्माण कराने का आग्रह किया था। जिस पर मंत्री ने मंडी परिषद के प्रबंध निदेशक को नए भवन का निर्माण कराने के लिए आगणन तैयार करने के निर्देश दिए थे। बताया कि सर्वे के बाद अब मंडी समिति इसका आगणन तैयार कर शासन को भेजेगा। वहां पर मंडी समिति के एई मोहसिन खान, जेई प्रदीप दास, प्रधानाचार्य एनके आर्या, गिरीश त्यागी, ओएस मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।



# हल्द्वानी में ठुकराल ने किया गणेश महोत्सव का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।हल्द्वानी मंगल पड़ाव होली ग्राउंड में देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव एवं श्याम कीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुँच कर दीप प्रज्वलित कर गणेश महोत्सव का शुभारंभ करते हुए श्री गणेश वंदना में भाग लिया एवं पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शान्ति की कामना की पूर्व विधायक ठुकराल ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्री गणेश जी की आराधना से सभी विघ्नों का नाश होता है उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल सहित श्री गणेश महोत्सव पर सभी भक्तों ने गणेश जी की पूजा अर्चना की । इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से चारों को सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ और भक्तजन भक्तिरस में झूमते गाते नजर आए स इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने स्वर्ण पदक विजेता दीक्षा अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित किया। इस दौरान बंटी कोली, गगन ग्रोवर ,राजकुमार केसखानी, प्रेम मदान,विजय कुमार गुप्ता,अजय कृष्ण गोयल,राजकुमार आनन्द,विनोद वाष्णेय,हिमांशु वाष्णेय,आदि लोग उपस्थित थे।



# सीबीआई जांच के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सरकार

देहरादून (उद संवाददाता)।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) प्रकरण में नैनीताल उच्च न्यायालय के सीबीआई जांच के आदेश को प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में चुनौती नहीं देगी। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने इसका खुलासा किया। उन्होंने कहा कि सरकार का सुप्रीम कोर्ट जाने का कोई इरादा नहीं है। यानी प्रदेश सरकार भी चाहती है कि मामले में सीबीआई जांच हो। उनियाल प्रदेश पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे सीटीआर प्रकरण में सीबीआई जांच के कोर्ट आदेश के बारे में प्रश्न पूछा था। उनियाल ने कहा, सरकार मामले सुप्रीम कोर्ट नहीं जा रही है। बता दें कि सीटीआर और कालागढ़ वन प्रभाग में करीब छह हजार पेड़ों के अवैध कटान व अवैध निर्माण से जुड़े मामले में तत्कालीन वन मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत सहित राज्य के अन्य शीर्ष अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। कोर्ट ने राज्य की अन्य जांच एजेंसियों से सीबीआई जांच में सहयोग करने के लिए भी कहा था। देहरादून निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अनु पंत ने वर्ष 2021 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उससे पूर्व कोर्ट ने भी मीडिया खबरों के आधार पर मामले का स्वत: संज्ञान लिया था। राज्य की विजिलेंस टीम भी इस प्रकरण में जांच कर रही है।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

**एनएच कार्यालय पर व्यापारियों** ......तरह से कृपा दृष्टि बनाई गई। क्या यह अतिक्रमण नहीं हैं या मार्ग चौड़ीकरण की जद में नहीं आ रहे है। संजय ने कहा विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न क्यों किया गया। छह माह बीत जाने पर भी अभी तक रोड़ का चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। पीडी विकास कुमार ने रोषित व्यापारियों को समझाने की कोशिश की परंतु व्यापारी उनसे सिर्फ अपने पूछे गये सवालों का जवाब देने पर ही अड़े रहे। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि विभाग की तानाशाही के विरूद्ध की 23 सितम्बर को व्यापारी पीडी के पुतले की शव यात्रा निकाल कर अंगद देव काम्पलेक्स के सामने फूंकेंगे।इस दौरान हरीश अरोरा,नंद किशोर, इदरीस, सुनील जडवानी, इकराम मियां, श्याम धींगरा, सिरासजुद्दीन, किशन खुराना, सोनू बांगा, नरेन्द्र चावला, हरीश जुनेजा, इन्द्रजीत सिंह, आशीष ग्रोवर, राजवीर सिंह, विपिन नारंग, राजीव जोशी, अमरजीत सिंह, अख्तर अली, मौ. इकबाल, राकेश कालड़ा, जसवीर सिंह, हबीब, सुनील कुमार, अरविंद देवल, जागीर सिंह, जगजीत सिंह, सुनील बठला, लालचन्द कालड़ा, इसरार मियां, रमेश कालड़ा, प्रिंस बंसल आदि मौजूद थे।

**माल गोदाम के समीप ट्रेन पलटने** .....मार्क ड्रिल के दौरान एस एस समेत रेलवे की जिम्मेदार अधिकारी दुर्घटना की जानकारी देने से साफ बचते नजर आए। मीडिया को किए गए मार्क ड्रिल की जानकारी देने के नाम पर रेलवे के अधिकारियों ने एक दूसरे की ओर उंगली दिखाते हुए लगभग पल्ला झाड़ लिया और तो और दुर्घटना को लेकर किए गए मार्क ड्रिल के दौरान कुछ जिम्मेदार अधिकारी गंभीर होकर काम करने की बजाय दांत फाड़ते नजर आए।

**शिक्षकों और कर्मियों को नहीं....** कि इस संबंध में शासन से अगला निर्देश प्राप्त होने तक मंजूर किया गया है, लेकिन वित्त विभाग ने इस आदेश पर रोक लगा दी है। वित्त सचिव ने इस संबंध में 13 सितंबर को बैठक की। बैठक का कार्यवृत्त जारी हो गया है। इसमें स्पष्ट कहा गया कि राज्य सरकार के कर्मियों के वेतन भत्ते आदि के साथ ही अवकाश आदि को मंजूर करने का अधिकार शासन के वित्त विभाग का है। वित्त विभाग के 18 सितंबर 2020 के शासनादेश में यात्रा अवधि अवकाश की व्यवस्था को समाप्त किया जा चुका है। बैठक में शिक्षा महानिदेशक के आदेश को वापस लौटाने के आदेश दिए गए हैं।

**रिसॉर्ट में अवैध कैसिनों पर.....** धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। संबंध जनपद के पुलिस अधिकारियों को उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की प्रस्तुति की जा रही है। उन्होंने बताया कि मौके से करीब 12 लग्जरी कार भी बरामद हुई है। जिन्हें सीज कर दिया गया है। शुक्रवार की सुबह करीब 2बजे यह कार्रवाई शुरू की गई।

**महिला कांस्टेबल पर हमले का...**की थी। महिला कांस्टेबल ने उनका डटकर सामना करते हुए उसको उठाकर पटक दिया था। इससे तीनों आरोपियों ने महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करके सिर को ट्रेन की खिड़की पर पटक कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया था। यह घटना 30 अगस्त को हुई थी। यूपी पुलिस स्पेशल डीजी (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा, 'सरयू एक्सप्रेस में सवार महिला कांस्टेबल पर हमले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने अयोध्या के पूरा कलंदर में मुठभेड़ में मार गिराया। उसके दो साथ एक इनायत नगर में एक अन्य मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिये गये हैं। महिला कांस्टेबल अयोध्या स्टेशन पर 30 अगस्त को सरयू एक्सप्रेस में बेहोशी की अवस्था में मिली थीं। उनका चेहरे पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। उनकी खोपड़ी में दो फ्रैक्चर हुए थे। पुलिस अफसरों के मुताबिक मुठभेड़ में मारा गया अनीस महिला कांस्टेबल से जबरन मिलने कोशिश कर रहा था। जब उन्होंने इनकार कर दिया तो तो अनीस और उसके दो सहयोगियों ने अचानक हमला कर दिया। ट्रेन की खिड़की पर उनका सिर पटकने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। अयोध्या से पहले जब ट्रेन धीमी हुई तो तीनों बदमाश भाग निकले।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

गुरू मां

# उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू मां

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac

Premium Split Ac

Mid-Range Split Ac

Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

**Easy EMI** Options Available

गुरू मां

# GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338